हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 14 जनवरी 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा



04 नमो ऐप के माध्यम से देश की 68 प्रतिशत जनसंख्या...





07 प्रतिदिन प्राणायाम करने से मन व शरीर स्वस्थ ...




### विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार, योगासन, ताड़ासन, वृक्षासन का प्रदर्शन किया

# विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई

## बच्चों ने सूर्य नमस्कार कर किया योगाभ्यास





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरस्वती विद्या मंदिर उमा विद्यालय नलखेड़ा में स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवा दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूली भैया-बहनों ने सूर्य नमस्कार कर योग किया। गुदरावन रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी अरविंद सिंघवी द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोमप्रकाश मित्तल तथा विशेष अतिथि मनोज फाफरिया, अभय मुणोत थे। मुख्य वक्ता के रूप में गोविंद वेदिया उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल की बहनों द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार, योगासन, ताड़ासन, वृक्षासन का प्रदर्शन किया गया।

### अवध के राम की प्रस्तुति दी

इस अवसर पर सुंदर नृत्य नाटिका अवध के राम की प्रस्तुति भी दी गई। मुख्य वक्ता श्री वेदिया ने इस अवसर पर कहा कि ध्यान, अध्यात्म तथा शारीरिक स्वास्थ्य के लिए स्वामीजी ने भारत के साथ विश्व को भी मार्ग दिखाया। इस मौके पर गौरवशाली पलों का स्मरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन पाली प्रमुख जगदीश चंद्र राठौर ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यालय के भैया बहनों के साथ शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## अभाविप के कार्यक्रम हुनरबाज में विद्यार्थियों ने दीं मनमोहक प्रस्तुतियां








नलखेड़ा। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर अभा विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा राष्ट्रीय कला मंच के बैनर तले आयोजित हुनरबाज कार्यक्रम में नगर की विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा मंच के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान दी जा रही प्रस्तुतियों से अयोध्या सा दृश्य संजीव हो उठा था। अभा विद्यार्थी परिषद नगर इकाई नलखेड़ा द्वारा शुक्रवार रात्रि को चौक बाजार में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर स्कूली विद्यार्थियों का हुनरबाज कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर की शिक्षण संस्था गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल, कमला सागर स्कूल, कक्का इंटरनेशनल स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, यूनिक पब्लिक स्कूल, सागर विद्या निकेतन, सिल्वर बेल्स स्कूल के साथ अन्य शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन पर आधारित कई कार्यक्रम व नाटिका की प्रस्तुति से कार्यक्रम में अवध (अयोध्या) सा दृश्य दिखाई पड़ रहा था।



## मप्र शिक्षक संघ ने क्रमोन्नति और डीए एरियर्स की बकाया राशि को लेकर सौंपा ज्ञापन



**आगर मालवा।** मप्र शिक्षक संघ जिला ईकाई द्वारा नवीन शिक्षक संवर्ग के डीए एरियर्स राशि जो जनवरी 2023 से लागू हुआ है। उसका बकाया एरियर्स माह अक्टूबर नवम्बर और दिसम्बर 2023 में तीन किश्तों में किया जाना था जो आज तक प्राप्त नही हुआ है। साथ ही क्रमोन्नति लागू नहीं होने पर ज्ञापन आगर संकुल शा उ उ मा वि आगर और कन्या उ मा वि आगर शहर दोनो संकुल के प्राचार्य के नाम एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें मांग की गई शीघ्र डीए एरियर्स राशि भुगतान की जाकर क्रमोन्नति लागू की जाए। साथ ही एक ज्ञापन जिला शिक्षा केन्द्र डीपीसी को भी दिया गया, जिसमें प्रशिक्षण के मानदेय और कक्षा 5वीं 8वीं परीक्षा 2023 मूल्यांकन की बकाया राशि की मांग की गई। संघ के जिला मीडिया प्रभारी मनोज सागर ने बताया कि इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, जिला महामंत्री बृजमोहन चौहान, जन शिक्षक मनोज कलवार,विक्रम सिह चोहान, उपाध्यक्ष गोपाल गिरि गोस्वामी. राधा दांगी, अनिल धानका, प्रेम सिंह यादव, संदीप पाटीदार, उमेश चन्द्र बालोनिया,प्रेमलता जैन, खूशबू शर्मा, देवीलाल मालवीय, दयाराम सूर्यवंशी, शर्मिला कसेरा, संदीप ननवाना, अभिलाशा श्रीवास्तव, बापूसिह तोमर, नारायण चरण, कमलेश पीपलदिया, नवीन कुमार जोशी, राजाराम दांगी, द्वारकीलाल पाटीदार, बबलु मण्डलोई, अनिता दांगी, महावीर जैन,लक्ष्मीनारायण गुर्जर, श्रीराम शर्मा किरण सक्सेना, रेखा जैन, अनिता व्यास, धर्मेन्द्र सिंह भूरे, सादिक हुसैन, शान्ति लाल कुम्भकार, रामनारायण मैहर, कुसुम छजलानी, कृष्ण कुमार शर्मा. सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## मोगली बाल उत्सव में पेंच अभ्यारण में टाइगर और अन्य जंगली जानवरों को देख रोमांचित हुए विद्यार्थी





हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2023 मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग, एप्को भोपाल,जैव विविधता बोर्ड एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 8 से 10 जनवरी तक सिवनी जिले के पेंच अभ्यारण में आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय मोगली उत्सव में प्रदेश के प्रत्येक जिले से दो बच्चे कनिष्क वर्ग व दो बच्चे वरिष्ठ वर्ग से कुल 369 प्रतिभागी रहे जिले से जिला शिक्षा अधिकारी आरजी शर्मा एवं एडीपीसी दिनेश कुभकार, मोगली जिला एमटी के मार्गदर्शन में जिले के मार्गदर्शी शिक्षक ब्रजमोहन चौबे एवं अंजलि गवली के नेतृत्व में वरिष्ठ वर्ग से प्रेम प्रजापत, मोना विश्वकर्मा एवं कनिष्क वर्ग से पंकज टेलर ,आशी कारपेंटर ने पेंच अभ्यारण में पेड़ पौधों एवं वनस्पतियों को करीब से जाना एवं प्रकृति भ्रमण करते हुए प्रकृति की उपयोगिता को समझा। मध्यान्ह पूर्व प्रथम दिवस प्रदेश से आए सभी बाल मोगली मित्र छात्रों को जंगल में उत्सव के सहजकर्ताओं द्वारा भ्रमण कराते हुए जंगल में उपस्थित वनस्पति ,जीव- जंतु एवं पारिस्थितिक तंत्र ही मनुष्य के लिए प्राकृतिक खजाना है को स्पष्ट किया।

द्वितीय दिवस मोगली मित्रों को अलग-अलग जिप्सी में बैठाकर जंगल सफारी के लिए पेंच अभ्यारण के संरक्षित केंद्रीय क्षेत्र तुरिया अभ्यारण में ले जाया गया, जिसमें जिले के मोगली मित्रों ने निकट से टाइगर, चिता, चीतल सांभर, विभिन्न प्रकार की चिड़िया ,पक्षी कठफोड़वा ,मोर, हिरनों के झुंड, प्रवासी पक्षी, सियार सहित विशालकाय पेड़ पौधों को देखा। तृतीय दिवस मोगली मित्रों को वन विभाग के मार्गदर्शकों द्वारा नेचर ट्रेल के माध्यम से वृक्षों वन्यजीवों और मनुष्य के सहअस्तित्व को समझाते हुए आवश्यकता महत्व और उपयोगिता को इस प्रकार समझाया की छात्रों ने जीवन भर पर्यावरण मित्र रहने की शपथ स्वीकार की।

### मोगली मित्रों की प्रतियोगिता का किया आयोजन

प्रत्येक दिवस दोपहर पश्चात प्रदेश के सभी मोगली मित्रों की चित्रकला प्रतियोगिता, जैव विविधता प्रश्नोत्तरी पत्ते देखकर पेड़ों को पहचानो ,मिलेट-वर्ष 2023 का महत्व आदि प्रतियोगिताएं एवं प्रदर्शनियों द्वारा सभी मोगली मित्रों को प्रकृति को अति निकट से जानने का अवसर प्रदान किया कार्यक्रम के अंतिम दिवस सभी मोगली मित्रों एवं मार्गदर्शी शिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी वितरण की जिसमें सिवनी जिले के जिलाधीश क्षितिज सिंघल ,लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल की नीरजा गोरे, अनुविभागीय अधिकारी रेखा देशमुख, ऐप्को भोपाल से पर्यावरण शिक्षा अधिकारी दिलीप चक्रवर्ती, जैव विविधता बोर्ड भोपाल से डॉ. बकुल लॉड, जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे के अतिथ्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई।कार्यक्रम समापन उपरांत आगर जिले के मोगली मित्रों एवं मार्गदर्शी शिक्षकों का 12 जनवरी 2024 को आगर पहुंचने पर सी.एम.राइज विद्यालय के शिक्षकों दीपक शर्मा, भावसार, संजय, प्रधान अध्यापक दिलीप उपाध्याय एवं अनेक पालको द्वारा बस स्टैंड पर स्वागत किया गया।

### दो दिन मनेगा मकर संक्रांति का पर्व

**नलखेड़ा।** मकर संक्रांति पर्व नगर में इस बार भी दो दिनों तक मनाया जाएगा। आज पतंगबाजी व कल दान पुण्य किया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 15 जनवरी की अलसुबह सूर्य धनु राशि से मकर राशि मे प्रवेश करेगा। इस दौरान श्रद्धालु पवित्र नदियों में डुबकी लगाएंगे। इस दिन स्नान व दान का विशेष महत्व रहता है। स्नान के बाद तिल गुड़, खिचड़ी, वस्त्र और बर्तन दान करते हैं। इस दिन गोमाता को हरा चारा खिलाने का भी विशेष महत्व है। 14 जनवरी को मालवा की परम्परानुसार पतंगबाजी, गिल्ली डंडा आदि खेला जाएगा। मकर संक्रांति को लेकर युवाओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। मकर संक्रांति के एक दिन पूर्व शनिवार को युवाओं व बच्चों की पतंग की दुकानों पर पतंग की खरीदी के लिए खासी भीड़ लगी रही। वैसे पतंगबाजी के शौकीन आज और कल दोनों दिन अपना शौक पूरा करने के लिए हाथ आजमाएंगे।

## विद्यालयों में सूर्य नमस्कार व प्राणायाम का आयोजन किया



**कानड़।** शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं युवा दिवस के उपलक्ष में नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय ओर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सहित अन्य विद्यालयों में सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथि और विद्यालय के प्राचार्य शिक्षको द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान भैया बहनों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गईं।

### चायना डोर की जब्ती और चालानी कार्रवाई की गई



**नलखेड़ा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आगर मालवा के संदर्भित धारा 144 अंतर्गत जारी आदेश के द्वारा क्षेत्र अंतर्गत मकर संक्रांति पर्व पर पतंग उड़ाने हेतु सिंथेटिक सामग्री से बने नायलान डोर (मांझा, चाइनीज मांझा) पतंग स्ट्रिंग के विनिर्माण विक्रय भंडारण और उपयोग को मनुष्य, पक्षियों और जानवरों की जान तथा पर्यावरण के लिए खतरनाक होने से प्रतिबंधित किया गया है। शनिवार को उक्त सामग्री विक्रेताओं दुकानदारों से जप्त कर एवं विनिष्टीकरण की कार्यवाही नगर परिषद के गठित दल द्वारा की गई। दल द्वारा चाइनीज मांझा जप्त कर 1500 रुपए की चालानी कार्रवाई भी की गई।


हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भीं

**पाठक पुरस्कार योजना-2023 कूपन फार्मेट जमा करने हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क करें**

सागर - श्री राघवेन्द्र दुबे - हरिभूमि कार्यालय- अदिति गैस एजेंसी के पास अग्रवाल बिल्डिंग सिविल लाईन सागर, मोबाईल नं.- 9302910899

अशोकनगर- मनोज जैन जिला ब्यूरो चीफ- हरिभूमि कार्यालय-वार्ड नं. 20 नई आबादी महावीर कॉलोनी अशोकनगर मोबाईल नं. - 9406961883

खंडवा- गोपाल राठौर- हरिभूमि कार्यालय- दुकान नंबर 09 श्री गुरूगोबिंद सिंह मार्केट वत्सला विहार सिविल लाइन खंडवा जिला खंडवा पिन कोड -450001 मोबाईल नं.- 7697652222

राजगढ़- सुनील गोले-हरिभूमि कार्यालय- पुरानी तहसील के पास, पारायण चौक, राजगढ़ मोबाईल नं.- 9407596600

सिरोंज- राजीव जैन सैनानी- हरिभूमि कार्यालय- ढाल बाजार सिरोंज मोबाईल नं.- 9826821405

गंजबासौदा- राजा छारी- हरिभूमि कार्यालय- महावीर विहार के पास मिल रोड गंजबासौदा मोबाईल नं.- 9993766686

इटारसी- भूपेन्द्र विश्वकर्मा- हरिभूमि कार्यालय- नगर पालिका कॉम्प्लेक्स लक्कडगंज, इटारसी मोबाईल नं.- 9300263480

ब्यावरा- मुकेश शर्मा- हरिभूमि कार्यालय- मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार के पास, हरीश राठौर का मकान, ब्यावरा, जिला राजगढ़ मोबाईल नं.- 9425380751

शिवपुरी- अशफाक खान- हरिभूमि कार्यालय- पुरानी शिवपुरी रोड, जैन दूध डेयरी के सामने शिवपुरी म.प्र. मोबाईल नं.- 8871534001

नर्मदापुरम्- सुरेश राजपूत- हरिभूमि कार्यालय- भारत पेपर मार्ट के ऊपर, कोठी बाजार, कलेक्टर ऑफिस रोड, नर्मदपुरम् मोबाईल नं.- 9406929830

सीहोर- जुगल पटेल- हरिभूमि कार्यालय- डीसीएम हाईट होटल, फस्ट फ्लोर, नियर फौजी होटल के पास, इंग्लिशपुरा सीहोर मोबाईल नं.- 9755123812

विदिशा- अटल तिवारी- हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय- सिटी टावर निकासा विदिशा मोबाईल नं.- 9425422701

गुना- मनीष तिवारी- हरिभूमि कार्यालय- गायत्री मंदिर के सामने जिला गुना मोबाईल नं.- 9584614174

नोट - कूपन फार्मेट 31 जनवरी 2024 तक जमा किये जावेंगे।


### कुशलपुरा में चल रही श्रीराम कथा में जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया

# हमें श्री रामचरितमानस को पढ़ना चाहिए : गोविंद जाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भगवान श्रीराम हमारे आराध्य देव हैं, जिनके अंदर अनेक गुण समाये हुए थे। जिनके हृदय में दया का गुण, सुंदर जीवन चरित्र, विशाल हृदय का गुण, साहस का गुण और क्षमता का गुण यह सब भगवान श्रीराम के चरित्र में विख्यात है। भगवान श्रीराम की व्याख्या रामचरितमानस में मौजूद है। हमें श्री रामचरितमानस को पढ़ना चाहिए और उनमें से इन गुणों को निकाल करके जीवन में उतारना चाहिए, ताकि हम संत न बन सके तो अच्छे सदगृहस्थ तो बन सकते हैं। उक्त विचार तहसील के ग्राम कुशलपुरा में चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान मालव माटी के प्रसिद्ध संत गोविंद जाने ने भक्तों के समक्ष व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मनुष्य में रावण के दुर्गुण तो अपने आप आ जाते हैं पर श्री रामचरितमानस में से रामजी के सद्गुणों को निकाल कर अपने जीवन में अपने विचार में उन सद्गुणों को लाए इससे क्या होगा हम स्वयं रामचरितमानस का ग्रंथ बनेंगे। संत भले मत बनना पर सद्गुणों को धारण करके सदगृहस्थ जरूर बनाना।



**भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया, जयकारों से गूंजा पंडाल**

कथा के दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। ढोल-ढमाके, बैंड बाजा के साथ अद्भुत राम जन्मोत्सव पंडाल में देखने को मिला। कुछ बालक राम का स्वरूप धारण कर कथा में उपस्थित थे। पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं के द्वारा होली खेली गई तथा इस दौरान बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे। संत गोविंद जाने के मुखारविंद से भगवान श्रीराम जन्म के समय की कथा श्रोताओं को श्रवण करवाई। यजमान द्वारा रामचरितमानस ग्रंथ का पूजन एवं आरती कर गोविंद जाने का स्वागत किया गया। कथा में सुसनेर क्षेत्र के विधायक भेरूसिंह परिहार बापू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों के साथ महिलाएं उपस्थित थीं।

### मनुष्य के विचार शुद्ध हैं तो उसका जीवन सुधर सकता है

संतश्री ने कहा कि मनुष्य के विचार शुद्ध हैं तो उसका जीवन सुधर सकता है। विचारों में यदि गंदगी है तो उस व्यक्ति का जीवन दुःखों, कष्टों में ही व्यतीत होगा। अतः मनुष्य को सुख, शांति यदि चाहिए तो अपने विचार की शुद्धता रखना चाहिए। शुद्ध विचारों से की गई भक्ति पर प्रभु भी जल्दी प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि भक्तों के हृदय में विराजमान प्रभु के प्रति प्रेम का आदान-प्रदान ही रास है। प्रेम में अहंकार नहीं आना चाहिए। जब भक्त के हृदय में अहंकार आ जाता है तो प्रेम का स्त्रोत सूख जाता है। हृदय में या तो प्रभु रह सकते हैं या अहंकार रह सकता है। संतश्री ने कहा कि आज हमारी भारतीय संस्कृति मोबाइल रूपी दानव के कारण नष्ट हो रही है। मोबाइल का सदुपयोग होने के बजाय दुरुपयोग हो रहा है। हमारी भावी पीढ़ी का भविष्य बिगाड़ने के लिए मोबाइल जिम्मेदार है। भगवान ने हमें आंखें दी है, इसके लिए बुरी नजर न हो, कान दिए हैं अच्छा सुनने के लिए, जुबान दी बुराई न करें, निंदा न करें।

## खबर संक्षेप

### सयाजी द्वार पर तीन दिवसीय कार्यक्रम 14 से 16 जनवरी तक

**देवास।** परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण देवास ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा श्री राम कथा के चरित्रों पर आधारित भक्तिमति शबरी, निषादराज गुह्य और श्रीहनुमान लीलाएं विशेष रूप से परिकल्पित कर तैयार कराई गई है। अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व इन लीलाओं का आयोजन कराया जाना है। संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के समन्वय से इन लीलाओं का आयोजन देवास में दिनांक 14 से 16 जनवरी 2024 तक सयाजी द्वार चौराहे पर संध्या 07 से 10 बजे तक किया जायेगा। जिसमें 35 कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार से अलग-अलग रूप धारण कर लीलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। देवास के सभी धर्म प्रेमी नागरिक इस "श्रीलीला समारोह" का आनंद अवश्य लें।

### शहर के मंदिरों में चलेगा स्वच्छता अभियान

**देवास।** 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इस शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशभर में स्थित समस्त मंदिरों पर स्वच्छता अभियान चलाए जाने संबंधि आदेश प्रसारित किए गए है। प्रधानमंत्री के आदेश को संज्ञान में लेते हुए विधायक गायत्रीराजे पवार के निर्देशानुसार महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल एवं सभापति रवि जैन ने शहर के समस्त वार्डो के पार्षदों को शहरभर में स्थित मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए कि 14 से 21 जनवरी तक अपने-अपने वार्डो में स्थित मंदिर में एवं देवालयों के आसपास की साफ-सफाई हेतु स्वच्छता अभियान चलाए एवं अपने वार्ड में स्थित देवालयों के आसपास की साफ-सफाई वार्ड के दरोगाओं को साथ लेकर स्वच्छता अभियान को पूर्ण करे।

### 20 से जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा

**देवास।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चंद्रकेसर बांध जिला देवास ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चंद्रकेसर की कक्षा छठवीं के लिए चयन परीक्षा 20 जनवरी को जिले के 15 केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसमें 3319 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी हो चुके हैं।

### संसदीय क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारियों की भाजपा जिला कार्यालय पर हुई बैठक

# नमो ऐप के माध्यम से देश की 68 प्रतिशत जनसंख्या को बनाएगी पार्टी का ब्रांड एंबेसडर

शासन की योजनाओं के हितग्राहियों से संपर्क करना और पार्टी के प्रत्येक मोर्चे को अपने कार्यों को पूर्ण करना है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय जनता पार्टी देवास संसदीय क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक आज भाजपा जिला कार्यालय देवास पर संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कहा कि आगामी समय भारत का समय है और प्रत्येक भारतीय को देश के नवनिर्माण में अपनी भूमिका निभाना है तथा देश के प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों को समझते हुए मोदी जी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विश्व गुरु बनाने के लिए कमर कस के राष्ट्र कार्य में लगना है शर्मा ने कहा कि भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण देश में राम राज्य के आने का प्रमाण है नमो ऐप पर बोलते हुए श्री शर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी एप से प्रत्येक भारतीय को जोड़ते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में 70 प्रतिशत से अधिक वोट लाकर मध्य प्रदेश के 29 में से 29 सीटों पर विजय प्राप्त करनी है स प्रत्येक पोलिंग बूथ पर पांच स्थानों पर वॉल पेंटिंग करना है शासन की योजनाओं के हितग्राहियों से संपर्क करना और पार्टी के प्रत्येक मोर्चे को अपने कार्यों को पूर्ण करना है।

शर्मा ने भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को पोलिंग बूथ के प्रबंधन में पूरी शक्ति के साथ लगने के लिए कहा।बैठक में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग के प्रभारी जीतू जिराती ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पोलिंग बूथ प्रबंधन के विषय में बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र को साकार करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी शक्ति के साथ निर्वाचन कार्य में लगने का आवाहन किया। आयोजित हुई बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, शाजापुर जिला अध्यक्ष अशोक नायक, आगर जिला अध्यक्ष चिंतामन राठौर, लोक सभा विस्तारक अशोक यादव, शाजापुर जिला प्रभारी जगदीश अग्रवाल, आगर जिला प्रभारी सोनू गहलोत, देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, विधायक मनोज चौधरी, विधायक राजेश सोनकर, विधायक अरुण भीमावत, अष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, देवास, शाजापुर आगर एवं सीहोर के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे। संचालन भाजपा जिला महामंत्री पंकज वर्मा ने किया एवं आभार जिला महामंत्री पोपेंद्र सिंह बग्गा ने माना उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी एवं सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।



# मरघट और कब्रिस्तान का जमीन विवाद आया सामने

### समझाइश के बाद मामला हुआ शांत



**देवास।** जनाजा लेकर बैठे मुस्लिम समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शनिवार को स्टेशन रोड स्थित कब्रिस्तान की जमीन को लेकर विवाद सामने आया। विवादित जमीन पर जनाजे को जाने से रोका गया। जिसके चलते दो पक्ष का आमने सामन हुआ। विवाद की स्थिति बनते देख जिला प्रशासन ने मौके पर सम्भाला मोर्चा। एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया और एसडीएम बिहारी सिंह यादव के नेतृत्व में विवाद को शांत करवाया गया। टीम ने कहा यथास्थिति बनी रहेगी, कोर्ट के आदेश अनुसार ही आगे कारवाई होगी।

विवाद के दौरानभारी पुलिस बल तैनात रहा। दरअसल स्टेशन रोड स्थित कब्रिस्तान की जमीन को लेकर 4 समाजों का न्यायालय में प्रकरण चल रहा है। शनिवार के दिन जब कब्रिस्तान में मंसूरी समाज के लोग जनाजा लेकर दफनाने पहुंचे तो अन्य समाज के लोग वहां पहुंच गए और जनाजे को रोक दिया। उसके बाद विवाद की स्थिति बन गई। मौके पर जिला प्रशासन की टीम ने स्थिति संभाली। जहां भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। मामला तकरीबन 4 घण्टों तक गर्म रहा। उसके बाद एसडीएम बिहारी सिंह ने दोनों समाजजन से वार्तालाप कर यथास्थिति बनाए रखने की बात कही। मामला कोर्ट में संज्ञानात्मक होने के चलते उसी स्थिति में बने रहेगा। एडिशनल एसपी जयवीर भदौरिया ने कहा कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है इसलिए उसे यथास्थिति में रखा जाएगा। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। एसडीएम बिहारी सिंह का कहना है कि प्रकरण शार्ट आउट हो गया है। न्यायालय के आदेश आने तक यथा स्थिति बनी रहेगी।

दरअसल रेलवे स्टेशन रोड स्थित विवादित मरघट व कब्रिस्तान की विचारनधीन है। जगह पर कब्जे को लेकर दो पक्षो में विवाद की स्थिति बन गई। जिसके बाद मौके पर एडिशन एसपी, सीएसपी, एसडीएम, तहसीलदार सहित थानों का बल मौके पर पहुंचा। जानकरी के मुताबिक चार समाजो का उक्त जगह पर कब्जा है।

जिसमे दो समाजो के बीच जगह को लेकर विवाद चल रहा है। करीब 4 घंटे मामला गरम रहा है। पुलिस की बार बार समझाइस के बाद मंसूरी समाज के लोग शव को अन्य कब्रिस्तान में लेकर गए वंही हिन्दू समाज के लोगों को भी मौके से हटाया गया।

# संस्था देशराग करेगी कारसेवकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अयोध्या में भगवान रामलला को जन्म स्थान पर विराजित होने के शुभ अवसर पर संस्था देशराग द्वारा आज कारसेवकों का सम्मान करने जा रही है। संस्था संयोजक विजय गेहलोत एवं कार्यक्रम आयोजक राहुल शर्मा ने बताया कि 22 जनवरी को हो रहे श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश एवं सर्व हिन्दू समाज में उत्साह का माहौल के अंतर्गत संस्था देशराग आज 14 जनवरी, रविवार को स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में सायं 4 बजे अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के नीव के पत्थर सन 1990 और 1992 में अयोध्या गए नगर के लगभग 100 से अधिक कारसेवकों का सम्मान कररेगी। कारसेवकों के नागरिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह में महामृत्युंज मठ के प.पू. महंत स्वामी प्रणवपुरी जी महाराज अपने आर्शीवचन प्रदान करेंगे। वहीं देश के प्रख्यात कवि, साहित्यकार सुमित जी ओरछा अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रीराम प्रेरणा कथा के काव्यात्मक रंग बिखेरेंगे। आयोजन समिति के वासुदेव परमार एवं शैलेन्द्र सिंह गौड ने बताया कि देवास विधायक श्रीमंत गायत्रीराजे पवार के आतिथ्य एवं देवास रियासत के पूर्व मराठा नरेश श्रीमंत विक्रम सिंह पवार के संरक्षण में संस्था देशराग 22 जनवरी तक इसी प्रकार के विभिन्न धार्मिक और रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। कारसेवकों के प्रति अपनी सादर भावांजलि प्रकट करने की अपील की।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



ऑक्सफोर्ड मालवा एकेडमी , हाटपीप्लया में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजीव खंडेलवाल जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, मुरली भंवरा विधायक बागली, हरीश यादव भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री व संभाग प्रभारी, दीपक बैरागी, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी, प्रधानाचार्य वीरेंद्र सहाय एवं भारतीय युवा मोर्चा के सदस्यों द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया जिसमें विद्यालय संचालक अशोक पाटीदार के द्वारा भी सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन किया गया इसके उपरांत भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न विषयों पर रखा गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़ -चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निधि -मुकेश शर्मा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कशिश -विजेंद्र यादव ने प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान रौनक- महेंद्र पाटीदार को मिला। भारतीय जनता युवा मोर्चा हाटपीपल्या के मंडल अध्यक्ष शुभम तंवर द्वारा बच्चों को नगद पुरस्कार राशि इनाम स्वरूप भेंट की गई व अन्य प्रतिभागियों को मेडल दिए गए। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यालय में क्रिकेट अकादमी का रिबन काटकर उद्घाटन किया । इसी अवसर पर हाटपिपलिया महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ऑक्सफोर्ड मालवा एकेडमी के बच्चों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक भारत पाटीदार, रोहित पटेल और महेंद्र पाटीदार भी सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष संदीप गुर्जर द्वारा किया गया अंत में भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शुभम तंवर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### अतिरिक्त मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण

**देवास।** अतिरिक्त मुख्य सचिव, खेल और कल्याण विभाग स्मिता भारद्वाज ने श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम व कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम विकास नगर देवास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये। अतिरिक्त मुख्य सचिव, खेल और कल्याण विभाग स्मिता भारद्वाज ने हॉकी फीडर सेन्टर के प्रशिक्षुओं से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर खेल विभाग से पप्पी मर्सकोले, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, जया बघेल, युनुस खान, रेणु सिंह, जावेद पठान, सुधीर टोप्पो, अंकित टोप्पो, अजीम शेख, राहुल वर्मा, पंकज वर्मा, उपस्थित थे। स्मिता भारद्वाज ने हॉकी इंडिया केम्पर मोहित कर्मा एवं राष्ट्रीय बैडमिन्टन खिलाड़ी भूमिका वर्मा से विशेष भेट कर खेल प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विविध गतिविधियों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत संचालित रेड रिबन क्लब एवं रेड क्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. भारत सिंह गोयल के संरक्षण में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। राज्य एड्स नियंत्रण समिति, भोपाल के निर्देशानुसार एड्स से बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान, रैली, स्लोगन प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। डॉ.शर्मिला कांटे ने एड्स के कारण तथा उससे बचने के लिए छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया, इस अवसर पर हेल्पलाइन नंबर 1097 के बारे में भी विस्तार से बताया गया। मारिया शाजापुरवाला समूह ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अग्रणी महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष मनीष पारीक, प्राचार्य डॉ.बी. एस. जाधव, महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति अध्यक्ष मनोरमा चौधरी, एवं विज्ञान महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष आशीष व्यास, नयन कानूनगो, वीणा महाजन एवं समस्त महाविद्यालय परिवार के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे । कार्यक्रम में डॉ. वर्षा जायसवाल, प्रो रॉबिन शेख, प्रो. नेहा राठौर, प्रो. इति चौबे,प्रो. प्रमोद परिहार, तनिष्का पांचाल, आराधना, पांचाल लक्ष्मी जयसवाल कशपना शेख, दिव्या मंदोदिया ,प्रेरणा परमार, रोशनी लोधी ने विशेष सहयोग प्रदान किया. संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अनीता भाना ने किया।

# सीनियर राज्य स्तरीय मिनी गोल्फ चैंपियनशिप शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला मिनी गोल्फ एसोसिएशन के सचिव अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि देवास जिला द्वारा द्वितीय सीनियर राज्य स्तरीय मिनी गोल्फ चैंपियनशिप का शुभारंभ पदमजा हायर सेकेंडरी स्कूल में मुख्य अतिथि महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम सभापति रवि जैन विशेष अतिथि अमरजीत सिंह खनूजा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, सी एम राइज स्कूल के प्राचार्य देवेंद्र बंसल अशासकीय शिक्षण संस्थान दिनेश मिश्रा, खेल गुरु विष्णु वर्मा पद्मजा हायर सेकेंडरी स्कूल की संचालक कोमल जैन, प्राचार्य स्वप्निल जैन के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

प्रतियोगिता की जानकारी सती, कौशल शिवरे ने देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता के पश्चात राष्ट्रीय प्रतियोगिता नागपुर में खेली जाएगी अतः उन्होंने देवास जिला मिनी गोल्फ एसोसिएशन की तारीफ करते हुए कहां कि पिछले वर्ष भी सीनियर स्टेट देवास में हुआ था जिसकी टीम जयपुर गई थी वहां मध्य प्रदेश को 12 स्वर्ण पदक प्राप्त हुए और आशा है कि इस वर्ष भी मध्य प्रदेश की आशा प्रदर्शन करेगी। मुख्य अतिथि दुर्गेश अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माताजी की टेकरी देवास में प्रसिद्ध है इसके दर्शन अवश्य करें और आगामी प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश सहित देवास शहर का नाम रोशन करें। मनोज राजानी ने कहा कि प्रगति एथलेटिक क्लब जिस किसी भी खेल को आयोजित करता है उसमें श्रेष्ठ से श्रेष्ठ करने का प्रयास करता है। अतिथियों द्वारा मिनी गोल्फ कोर्ट पर शाट मारकर खेल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन भरत वर्मा ने किया एवं आभार कोमल जैन ने माना। प्रतियोगिता का समापन 14 जनवरी को शाम 4 बजे होगा जिसके मुख्य अतिथि विधायक गायत्री राजे पवार होंगी। अध्यक्षता कुलविंदर सिंह गिल भारतीय बास्केटबॉल सचिव करेंगे।

### जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविरों में मिल रहा योजनाओं का लाभ

# यात्रा में नयापुरा के ग्रामीणों को योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर आयोजित किये जा रहे है। शिविर में नागरिकगण बढ़चढ़ भाग ले रहे है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए स्टॉल लगाकर आवेदन लिए गये। केन्द्र सरकार की योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा" में किसानों की सुविधा के लिये बनाये गये एग्री ड्रोन को भी प्रदर्शित किया जा रहा है।

किसानों के समय की बचत और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिये एग्री ड्रोन का निर्माण किया गया है। ड्रोन के इस्तेमाल से खेतों में खाद या दवा का छिड़काव कम समय में किया जा सकेगा। साथ ही एक एकड़ फसल में खाद या अन्य कीटनाशकों का छिड़काव लगभग 15 मिनिट में किया जा सकेगा। कृषि क्षेत्र में ड्रोन के प्रयोग से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मध्यप्रदेश शासन के कृषि कल्याण एवं विकास विभाग द्वारा किसानों को ड्रोन क्रय करने में अनुदान दिया जायेगा। साथ ही ड्रोन ऑपरेट करने के लिये निर्माणकर्ता कंपनी के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जायेगा।




**चापड़ा।** ग्राम पंचायत नयापुरा में आयोजित हुए कार्यक्रम में बालिकाओं को दिया योजना का लाभ।

### नयापुरा में हुआ आयोजन

**चापडा।** बागली क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है। जिसके चलते शनिवार के दिन ग्राम पंचायत नयापुरा पहुंची। कार्यक्रम में जनपद सदस्य आशीष पाटीदार, सरपंच प्रतिनिधि लखन मथानिया, उप सरपंच धर्मराज, कमल यादव, राधेश्याम रूपल शांतिलाल पाटीदार अशोक पटेल सुनील कंठाली, राधेश्याम रूपायला ,केदारमल पाटीदार, शांतिलाल सोलिया, कमल जायसवाल की उपस्थिति में कार्यक्रम किया। मंचासीन सभी अतिथियों द्वारा सरकार की योजनाओं के बारे में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी दी गई। साथ ही इस दौरान उद्यानिकी विभाग के राकेश सोलंकी एवं कृषि विभाग के काशीराम चौहान, सुखराम बारोट द्वारा कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग कि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान पटवारी नौशाद पठान द्वारा राजस्व विभाग संबंधित जानकारी किसानों को दी गई। पशु विभाग से सोमना सौरठ उपस्थिति रही, स्वास्थ्य विभाग से संदीप सिसोदिया ने योजनाओं के बारे में जानकारी दी। महिला बाल विकास सेक्टर सुपरवाइजर अनामिका राजपूत द्वारा विभाग की जानकारी देते हुए लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत पात्र लाड़लियों को स्वीकृति पत्र अतिथियों की उपस्थिति में वितरित कराए गए। इस दौरान ग्राम पंचायत भमोरी में सरपंच लक्ष्मीबाई ,उप सरपंच इंदर सिंह पटेल, सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र धावड़िया ,सचिव रामचंद्र विश्वकर्मा, सहायक सचिव विकास गामी एवं ग्राम पंचायत इकलेरा में सरपंच चंपालाल पाटीदार, उप सरपंच ओमप्रकाश पाटीदार, सचिन ज्योति पाटीदार, सहायक सचिव गोविंद पाटीदार, अनीता गवली,पुशु विभाग से डा भारती शर्मा, निर्मल पाटीदार एवं ग्राम पंचायत चारिया में सरपंच संगीता सागर चौहान, सचिव मुन्नालाल मालवीय, सागर चौहान सहित अतिथियों की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा व्यंजनों की भी प्रदर्शनी लगाई जा रही है।

# जागरूकता अभियान चलाते हुए सीटबेल्ट व हेलमेट लगाने की अपील



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

हिन्द फौज ने शहर में विभिन्न स्थानों पर युवा दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि हिन्द फौज ने देवास पुलिस विभाग के साथ मिलकर जागरूता रैली निकालकर आमजनों को सीटबेल्ट और हेलमेट लगाने की अपील की। उक्त आयोजनों में मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी, खेल अधिकारी देवास हेमंत सुधीर, युवान कैरियर ऐकडमी सेंटर हैड रिशाक दीक्षित और हिंद फौज संचालक सुरेश शर्मा, कुमेर सिंग वर्मा, ललित द्विवेदी, अश्विन पागनिश, हिन्द फौज क्रिकेट संचालक सोहन सिंह दरबार, हिन्द फौज प्रशिक्षक संचालक मीना राव, सृजनिका लोखंडे, अजय दायमा, आरती दायामा, हिन्द फौज रक्त संचालक सीमा गिरी, शिक्षा संचालक श्रीजा अग्रवाल, रवि अग्रवाल, वार्ड मंत्री नीलू सक्सेना, हिन्द फौज योगा संचालक चन्द्र शेखर तिवारी, मोना तिवारी, मेघना पुरोहित, हिन्द फौज सैनिक सुरेन्द्र शुक्ला, मनोज पटेल, रीना पटेल आदि सभी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का रिजल्ट, नगर पालिका आष्टा 23 पायदान ऊपर



**आष्टा।** साल भर से लगे स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी में नगर पालिका अध्यक्ष एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर रायसिंह मेवाड़ा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के मार्गदर्शन में और सहयोगी संस्था एवीएस कंसलटेंसी एंड सर्विसेज भोपाल और निकाय के सफाई कर्मचारियों की मेहनत रंग लाई। जहां स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में नगर पालिका आष्टा 62वें स्थान पर था। वही स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणाम की घोषणा पश्चात नगर पालिका आष्टा 39 वा स्थान को प्राप्त किया है।

### स्कूल शिक्षा विभाग की स्टार्स योजना

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग की स्टार्स परियोजना केन्द्र सरकार की विश्व बैंक से सहायता प्राप्त योजना है। इस योजना के तहत राज्य सरकार को केन्द्र सरकार से 60:40 के अनुपात में फण्ड प्राप्त होता है। यह राजस्व एवं पूँजीगत दोनों स्वरूप का है।इस योजना के तहत उन कार्यों को किया जाता है, जो समग्र शिक्षा अभियान के तहत नहीं किये गये है। इन कार्यों में सीमेट की स्थापना, कमाण्ड कंट्रोल सेंटर की स्थापना और शैक्षणिक सुधार से संबंधित प्रशिक्षण शामिल हैं।

### जीजा साली ने खाया जहर, हालत गंभीर

**आष्टा।** आष्टा अनुविभाग के ग्रामीण इलाके में युवक और युवती के जहर खाने का मामला सामने आया है। फिलहाल दोनो की हालत गंभीर होने पर सिविल अस्पताल आष्टा से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पिंकेश पिता प्रेम उम्र 38 वर्ष निवासी ढकानी और युवती सलोनी पिता बाबुलाल उम्र 22 वर्ष निवासी देवास ने अज्ञात कारणों के चलते खेत पर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद स्थानीय लोग दोनो को सिविल अस्पताल आष्टा उपचार हेतु लाए। जहा से दोनो की हालत गंभीर होने पर सिहोर ज़िला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी अनुसार दोनो युवक युवती में जीजा और साली का रिश्ता है।

### छात्र-छात्राओं ने किया सूर्य नमस्कार

**आष्टा।** मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल में शुक्रवार को स्वामी विवेकानन्द जयंती पर सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें योग की 12 मुद्राएं की गई। जिसमें विद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की व योग से क्या-क्या लाभ प्राप्त होता है इसकी जानकारी प्राप्त की। संस्था के शिक्षक संदीप जोशी ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन चरीत्र व सूर्य नमस्कार के बारे मे बताया। शंकर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर, कुंवर लाल परमार, स्कूल समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य अमित यादव, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, तेजराज मेवाड़ा, संदीप जोशी, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, पंकज ठाकुर, राजपाल साहू, अनीता परमार, निर्मला सारसिया, कविता ठाकुर, अंजलि चौरसिया, करिष्मा चौपड़ा, अंजु नावड़े, रचना ठाकुर, नीता सक्सेना, हेमलता पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शासकीय और निजी संस्थानों में किया सामूहिक सूर्य नमस्कार




युवा दिवस

# प्रतिदिन प्रणायाम करने से मन व शरीर स्वस्थ रहता है: विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर

सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण के साथ-साथ संस्था में भी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





नगर के सीएम राइज शास. उत्कृष्ट उमावि में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। शासन के निर्देशानुसार प्रातः 9 बजे से 10:30 बजे तक विद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि के रूप में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष अतुल शर्मा, वार्ड पार्षद रविन्द्र शर्मा, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, हरेन्द्र सिंह ठाकुर, भविष्य भट्ट, नपा सीएमओ राजेश सक्सेना, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत, मॉडल विद्यालय प्राचार्य सी.एल. पेठारी, योग प्रशिक्षक अजेन्द्र सिंह यादव आदि उपस्थित थे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती का पूजन व स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। संस्था प्राचार्य मो. सितवत खान द्वारा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर व कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। इसके पश्चात शासन के निर्देशानुसार दिए गए प्रोटोकॉल अनुसार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं उसी के साथ साथ संस्था में भी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। इस अवसर पर योग शिक्षक अजेन्द्र सिंह यादव द्वारा सूर्य नमस्कार के सभी बारह आसनों का अभ्यास करवाया गया।

इसी कड़ी में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र के प्रेरक उद्बोधन में बताया कि छोटी आयु में ही उन्होंने मां भारती का गुणगान दुनिया के सामने प्रस्तुत किया साथ ही साथ उन्होंने बच्चों को अपनी विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को बताते हुए मार्गदर्शित किया कि विद्यार्थी जीवन बहुत महत्वपूर्ण होता है, स्वामी विवेकानंद जी ने अपने अल्प जीवनकाल में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की। उन्होंने कहा कि हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि जीवन लंबा हो यह महत्वपूर्ण नही है, हमने उसमें क्या उपलब्धि प्राप्त की यह महत्वपूर्ण होता है। विद्यार्थी जीवन बहुत महत्वपूर्ण है। इस समय हम जो कुछ भी बनना चाहते है, करना चाहते है, उसकी शुरूआत इसी उम्र से होती है। हम भी जब विद्यार्थी थे, तब हमने मन लगाकर पढ़ाई की उसी का नतीजा है, कि आज आप सब की हम सेवा कर रहे है। विधायक श्री इंजीनियर ने बताया कि हमारे देश में प्रतिभा की कमी नही है। पूर्व राष्ट्रप्रति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने ऐसी मिसाईल देश को समर्पित की है, जो 13 हजार किलोमीटर पर अपने दुश्मन देश पर हमला कर सकती है। ऐसे महान व्यक्तियों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई ने अपने संबोधन में कहा कि सूर्य नमस्कार यह केवल एक दिन न होकर प्रतिदिन करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और मस्तिष्क का निर्माण होता है, और इसी से बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि सुबह जल्दी उठ कर व्यायाम प्रणायाम एवं खेल गतिविधियों में शामिल होने से दिन भर मन एवं शरीर तरोताजा रहता है और इससे पढ़ाई में मन भी लगता है। नगर भाजपा अध्यक्ष अतुल शर्मा द्वारा भी प्रेरक उद्बोधन दिया गया उन्होंने बताया कि शिक्षा इतनी ग्रहण करे कि नौकरी हमारे सामने छोटी लगने लगे।

इसके अलावा उन्होंने बच्चों को बताया कि जीवन अनुशासित होना चाहिए। समय पर सोना और समय पर जागने के साथ साथ अध्ययन का भी समय निर्धारण होना चाहिए। संस्था प्राचार्य मो सितवत खान द्वारा अपने आभार उद्बोधन में सभी अतिथियों को सादर धन्यवाद प्रेषित किया साथ ही साथ उन्होंने यहा भी बताया कि विद्यालय के अध्ययन अध्यापन एवं विकास से संबंधित सभी प्रकार के कार्यो के लिए सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा एवं अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निरंतर एवं सक्रिय सहयोग प्राप्त होता है। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक विष्णुप्रसाद पंवार, अंत्येश धारवां, सम्राट ढोके, पदमा परमार, आरती विश्वकर्मा, पवन राया, जितेन्द्र मेवाड़े, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, निहायत मंसूरी, अमिता सोनी, नमीता लोवंशी, रघुवीर सिंह, गौतम चौरसिया, भूपेन्द्र सिंदे, जितेन्द्र धनवाल, लीला भिलाला, मोनिका जैन, मनोज कुमार करमोदिया, डॉ. दीक्षा खंडेलवाल, मो. इमरान, विनय कुमार तिवारी, सपना यादव, तेजपाल सिंह परमार, अभिलाषा श्रीवादी, वीरेन्द्र सिंह, राम सिंह, उर्मिला यादव, नीता जैन, रामेश्वर दामड़यि, विजय हाटेकर, निर्मलदास बैरागी, जितेन्द्र वर्मा, गौरीशंकर मालवीय, दिनेश गहरवाल, धीरज शर्मा, राजेश मालवीय, मनोज बड़ोदिया, गौरीशंकर मालवीय, हुकुमचंद, शशि बिंजवा, ज्योति मंडलोई, ज्योति चौहान, अनिल पटेल, डी.एस. मांडवा, कमलेश कुमार वर्मा, मुकुंद सिंह बरोड़यि, एस.के. सिंगरिया, मदन परमार, राजेश राठौर सहित समस्त शैक्षणिक एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

## सीएम राइज स्कूल में युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार की 12 क्रियाएं संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर स्कूल शिक्षा विभाग तथा मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार सी एम राइस विद्यालय जावर में तहसील स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन वृहद स्तर पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद तथा विद्यादायिनी सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण ब दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात योग शिक्षक अकबर सिद्दीकी, डॉ ओमप्रकाश दुबे, तथा जयनारायण राठौर द्वारा उपस्थित जन प्रतिनिधि गण तथा विद्यार्थियों को सूर्यनमस्कार की 12 क्रियाएं मंत्रो चरण के साथ संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में श्रीमती मंजू वैद्य अध्यक्ष ,मनोज कुमार वैध, तेजसिंह कप्तान उपाध्यक्ष, बाबूलाल पटेल, बंटी राठौर, वीरेंद्रसिंह ठाकुर, दिनेशचंद्र बाहेती, विजेंद्रसिंह ठाकुर, खुमानसिंह ठाकुर अतिथि के रूप मौजूद थे। कार्यक्रम में संक्षिप्त परिचय प्राचार्य नितिन कौशल द्वारा प्रस्तुत किया। जीवनसिंह ठाकुर के स्थानांतरण होने पर शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार से दरियाव सिंह मालवीया, कमलेश खत्री, रामस्वरूप वर्मा, मुनेंद्रसिंह तोमर, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, अब्दुल अजीज मंसूरी, रामलाल मालवीय, जीवनसिंह, प्रीति विजयवर्गीय, सुजाता मालवीय, अमरीन खान, लोकेंद्र मेवाडा, राजेंद्र बरेठा, दिनेश मालवीय, जयंत गुप्ता तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे आभार उप प्राचार्य अजय मिश्रा द्वारा किया गया।

## शासकीय माध्यमिक विद्यालय में किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी




नगर परिषद कोठरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठरी में युवा दिवस के उपलक्ष्य में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया जिसमें 9:20 से मुख्यमंत्री के उद्बबोधन को सुनने के पश्चात सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर और कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। इसके पश्चात शासन के निर्देशानुसार दिए गए प्रोटोकॉल अनुसार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एवं उसी के साथ साथ संस्था में भी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। इस अवसर पर योग शिक्षक द्वारा सूर्य नमस्कार के सभी बारह आसनों का अभ्यास करवाया गया। इसी कड़ी में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र के प्रेरक उद्बोधन दिया।नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति ने अपने संबोधन में कहा कि सूर्य नमस्कार यह केवल एक दिन न होकर प्रतिदिन करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और मस्तिष्क का निर्माण होता है, और इसी से बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। । आष्टा नगर भाजपा अध्यक्ष अतुल शर्मा द्वारा भी प्रेरक उद्बोधन दिया गया उन्होंने बताया कि शिक्षा इतनी ग्रहण करे कि नौकरी हमारे सामने छोटी लगने लगे। इसके अलावा उन्होंने बच्चों को बताया कि जीवन अनुशासित होना चाहिए। समय पर सोना और समय पर जागने के साथ साथ अध्ययन का भी समय निर्धारण होना चाहिए।

### 275 छात्र-छात्राओं ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र आजाद, पार्षद प्रतिनिधि दिनेश चौधरी। जिसमें सूर्य नमस्कार में 275 छात्र-छात्राओं और प्राचार्य ,सभी शिक्षक एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। अंत में राष्ट्रगान के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन के पश्चात सभी को स्वल्पाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एमेल्डा तिर्की , डालूराम कासन्या, जीतमल मेहता, रमेश चंद्र मेवाड़ा, देवराज शक्ति, कैलाश नारायण सक्सेना, गोपाल सिंह सोलंकी, कल्पना शर्मा, उमा परमार, शैफाली गुर्जर, मनोज शर्मा, राजेश शर्मा, सुरेश कुमार दसोंदी, किशनलाल मालवीय, नरेश लखाया, महेश चंद्र शर्मा, गंगाधर सोलंकी, मनीषा शुक्ला, कीर्ति शाक्य, कविता वर्मा, आदि मौजूद रहे।

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**आष्टा।** प्रधान जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर के निर्देशन में सुरेश कुमार चौबे, प्रथम जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा के द्वारा युवा दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय आष्टा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्री चौबे के द्वारा बताया गया कि मौलिक अधिकार जो कि भारत के सभी नागरिकों को दिए गए है जिसमें स्वतंत्रता का अधिकार, समता अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार, शोषण के विरूद्ध अधिकार, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकार, दिए जाते है। हमारे देश के लोगों का मौलिक कर्तव्य है कि संविधान का पालन करें और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्रीय गान का आदर करे और स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोये रखे। भारत के संप्रभुता, एकता अखण्डता की रक्षा करना, प्राकृतिक पर्यावरण जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी, की रक्षा करे और प्राणीमात्र के प्रति दयाभावना रखे। उक्त शिविर में प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्राएं उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय में लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जावर ईकाई के द्वारा रक्तदान शिविर शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में आयोजित किया गया जिसमे जन भागीदारी समिति अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ने स्वामी विवेकानन्द की 161वी जयंती पर उनके जीवन पर प्रकाश डाला साथ में कार्यक्रम में राष्ट्रिय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह विभाग राजगढ़ बाबू सिंह ठाकुर, बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह, सुदीप सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, हरेन विश्वकर्मा उपस्थित रहे। रक्तदान करने वालो में राजेन्द्र सिंह केशव, देवराज ठाकुर, अजय ठाकुर ,गोलू ठाकुर, पवन मालवीय, अंकित पटेल, राहुल ठाकुर, अभीशेक ठाकुर, सूरज ठाकुर ने राष्ट्र हित में रक्तदान किया देवराज सिंह ठाकुर ने कार्यकर्म का संचालन किया एबीवीपी के नगर मंत्री गोलू ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

### सिविल अस्पताल में लेखापाल से मारपीट, फर्जी बिल लगाने का बनाया जा रहा था दबाव

# जिला चिकित्सालय से आया जांच दल, सभी रिकॉर्ड किए तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर का सिविल अस्पताल आए दीन सुर्खियों में बना रहता है। इस बार फिर सिविल अस्पताल में फर्जी तरीके से बिल लगाने को लेकर हुईं मारपीट को लेकर चर्चाओं में है। विश्वसनीय सूत्रों की माने तो सुबह 10 बजे से 11 बजे के बिच अस्पताल के लेखापाल एलम सिंह से अस्पताल के ही बीसीएम तरुण राठौड़ ने मारपीट कर डाली। अंदरखानों से मिली जानकारी अनुसार कई समय से सिविल अस्पताल में फर्जी तरीके से बिल लगाकार राशि निकालने का दबाव एक अधिकारी लेखापाल पर बना रहे थे। लिहाजा शुक्रवार को फिर फर्जी तरीके से बिल लगाकार राशि निकालने के लिय लेखापाल एलम सिंह पर दबाव बनाया गया। लेकीन जब लेखापाल ने इसके लिए पुनः इंकार कर दिया तो मामला मारपीट तक पहुंच गया। और लेखापाल के साथ जमकर मारपीट कर दी गईं। ऐसे मे पुरी घटना वह लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद भी हुईं हालांकि बीएमओ सुरेश माहौर ने ऐसी किसी भी घटना से साफ साफ इंकार कर मामले में लीपापोती करने का प्रयास किया। वहीं घटना स्थल पर लगे सीसी टीवी कैमरो को बंद होने की बड़ी बात कहीं। जो किसी के भी गले नही उतर रही है। वहीं जानकारी अनुसार जिस वक्त यह घटना घटी उस वक्त सिविल अस्पताल के कई जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी भी गलियारों में भी उपस्थित थे। इस मामले पर जब पीड़ित लेखापाल एलम सिंह से बात की गई तो उन्होने कैमरे के सामने तो कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। लेकीन बंद कैमरे के सामने उन्होने जो कहा वो चौकाने वाला था। लेखापाल एलम सिंह ने कहा की बीसीएम तरुण राठौड़ विभागीय कार्य के लिए अनावस्यक रुप से दबाव बना रहे थे जिसे मना करने मारपीट शूरू कर दी। जिसकी सुचना मेने हमारे लेखापाल स्वास्थ्य संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा सीएमएचओ कार्यालय,आष्टा पुलिस को भी सूचना दी है। वहीं सूचना के आधार पर जिला चिकित्सालय से 5 सदस्यीय जांच दल भी आष्टा सिविल अस्पताल पहुंचा तथा उन्होंने पीड़ित से पूरी घटना की जानकारी लेते हुए घटना के कारण की बात पूछी। पीड़ित ने पूरी जानकारी जांच दल के रूप में आए दल के सामने प्रस्तुत कर दी है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जो जांच दल आया उसने पूरा रिकॉर्ड सीहोर तलब किया है। जब इस तलब किए गए रिकार्ड की अगर जांच होती है तो निश्चित रूप से सिविल अस्पताल आष्टा में एक बड़ा भांडा भी फुट सकता है। जब इस संबंध में बीएमओ डॉक्टर सुरेश माहौर से चर्चा की तब उन्होंने अस्पताल में दो कर्मियों के बीच मारपीट की जानकारी की किसी भी घटना घटी से पूरी तरह से इनकार कर दिया।

## घर-घर जाकर विहिप, बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने दिया आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

शुक्रवार को ग्राम रोला गांव, बड़कोला, पीली कारर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं पत्रक ग्राम में घर-घर वितरित किए गए।


घरों के बाहर पांच दीपक व रंगोली बनाकर दिवाली मनाने का आव्हान किया गया। इस मौके पर सरपंच धर्मेंद्र धनगर, पूर्व सरपंच वीरेंद्र जैन, बड़कोला सरपंच रमेश देवड़ा, पूर्व सरपंच अकेसिंह ठाकुर, दुर्गा प्रसाद शर्मा, ज्ञान सिंह ठाकुर, आनंद गुरु, प्रेम सिंह बागवान, प्रेम प्रसाद माथुर, मेहरबान सिंह, राजू जायसवाल, अशोक, काजल, नर्वस सिंह ठाकुर, अंतर सिंह ठाकुर, रूप सिंह ठाकुर व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खेत में गाय घुसने और फेंसिंग टूटने की बात पर परिवार के दो पक्षों में बढ़ गया विवाद

# पाड़ली ठाकुर गांव में गोली चलने से एक ही परिवार के दो घायल, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जनपद ब्यावरा के सुठालिया थाना क्षेत्र के पाड़ली ठाकुर गांव में खेत में गाय घुसने को लेकर शुक्रवार सुबह एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर बंदूकों से फायर करना शुरू कर दिए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज भोपाल अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक घटना सुबह 8 बजकर 30 मिनट से 9 बजे के बीच की है जब जगदीश राजपूत के खेत मे एक मवेशी घुस गई थी, जिसके कारण खेत की फेंसिंग का तार टूट गया। जगदीश सिंह ने सोचा की मेरे खेत में भंवर सिंह ने मवेशी को घुसाया है। इसी समय जब भंवर सिंह गांव के लोगों के साथ आलाव के सामने बैठकर ताप रहे थे। उसी दौरान जगदीश चिल्लाते हुए भंवर सिंह के घर के सामने आया ग्रामीणों ने समझाने की कोशिश भी की परंतु विवाद बढ़ता ही चला गया और बात फायरिंग तक आ पहुंची। सुठालिया थाना प्रभारी राकेश दामले ने बताया कि आरोपी जगदीश भूपेंद्र और देवेंद्र के खिलाफ धारा 307, 294, 506 और 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है।





### इस तरह घटित हुआ पूरा मामला

सुठालिया पुलिस के मुताबिक, पाड़ली ठाकुर गांव के एक ही परिवार के भंवर सिंह और जगदीश राजपूत के बीच खेत में गाय घुसने को लेकर शुक्रवार को सुबह से विवाद हुआ। देखते ही देखते यह विवाद इतना बढ़ गया की जगदीश राजपूत ने अपने दो बेटे देवेंद्र और भूपेंद्र के साथ बंदूक से भंवरलाल पर हमला कर दिया। इस दौरान देवेंद्र और भूपेंद्र ने 12 बोर और 315 बंदूक से गोली चलानी शुरू कर दी, जिसमें भंवर सिंह राजपूत , राजेन्द्र सिंह और प्रभा कुंवर को गोली लगी। इसके बाद गोली चलाने वाले जगदीश सिंह और उसके दोनों बेटे देवेंद्र, भूपेंद्र अपने घर के अंदर चले गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई इसके बाद तीनों घायलों को बैरसिया अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान भंवर सिंह की मौत हो गई, जबकि दो लोग राजेन्द्र सिंह और प्रभा कुंवर का इलाज भोपाल के अस्पताल में चल रहा है। उधर पुलिस ने तीनों आरोपी जगदीश राजपूत और उसके दो आरोपी बेटे देवेंद्र राजपूत और भूपेंद्र राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है।

# जो काम हमारे विभाग के नहीं वो भी हमसे करवा रहा है प्रशासन

## सचिव व रोजगार सहायकों ने राज्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिपं की साधारण सभा की बैठक में आए मछुआ कल्याण एवं मत्स्य पालन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार को पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक संगठन के बैनर तले एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख है कि जो कार्य उनके विभाग के नहीं है वह भी प्रशासन द्वारा दबाव बनाकर उनसे करवाए जा रहे हैं।

आयुष्मान कार्ड बनाने का मूल कार्य स्वास्थ्य विभाग का है लेकिन यह कार्य सचिव एवं रो. सहायकों से करवाया जा रहा है। इसके साथ ही उज्जवल योजना का कार्य खाद्य विभाग का है लेकिन जिला प्रशासन द्वारा दबाव बनाकर यह कार्य भी सचिवों एवं रोजगार सहायकों से करवाया जा रहा है। ज्ञापन में उल्लेख है कि सांडाहेड़ी के रोजगार सहायक रामबाबू लववंशी के साथ संकल्प यात्रा के दौरान मारपीट हुई लेकिन कालीपीठ थाने में आवेदन देने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। सारंगपुर के सचिव बृजराज सिंह उमठ को अंत्येष्टी सहायता हितग्राही के परिजनों को न देने पर निलंबित कर दिया गया जबकि संबंधित मृतक की मौत फांसी लगाने से हुई थी। इसलिए पात्र न होने के कारण राषि प्रदाय नहीं की गई थी।

### मंत्री से ये मांग भी रखी

ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि जिले में मनरेगा योजना अंतर्गत कार्यों का ईएमबी मूल्यांकन आज दिनांक तक नहीं किया जा रहा है। ई-मूल्यांकन जिले में लागू करवाया जाए। इसके साथ ही अन्य मांगे ज्ञापन में रखी गई हैं। इस अवसर पर पंचायत सचिव संगठन जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, रोजगार सहायक संघटन जिलाध्यक्ष सागर सिंह गुर्जर सहित विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित रहे।

उपभोक्ता आयोग ने कहा वाहन बीमा धारकों से धोखा बर्दाश्त नहीं

# वाहन दुर्घटना क्लेम मामले में उपभोक्ता के पक्ष में सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

वाहन दुर्घटना क्लेम के एक मामले में बीमाधारक वाहन मालिक को अनावश्यक परेशान करने के मामले में उपभोक्ता आयोग ने वाहन मालिक के पक्ष में फैसला सुनाया है। इसके साथ ही इन्श्योरेंस कंपनी को ताकीद किया कि उपभोक्ताओं से धोखा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### क्या है पूरा मामला

अभिभाषक जेपी शर्मा ने बताया कि 6 दिसंबर 2021 को कुलेंद्र राठौर की कार का ब्यावरा के पास एक्सीडेंट हुआ था। दुर्घटना के बाद वाहन मालिक राठौर ने तत्काल थाने एवं इफको टोकियो बीमा कंपनी को सूचना दी। कंपनी ने नुकसान के आंकलन के लिए सर्वेयर विकास लववंषी को भेजा जिसने 1 लाख 80 हजार रुपए का नुकसान होना बताया। कंपनी को यह राशि ज्यादा लगी तो उसने असीम अली नाम के दूसरे सर्वेयर से नुकसान का आंकलन करवाया। इस दूसरे आंकलन में वाहन मालिक को सिर्फ 64



हजार के लगभग ही राषि मिल रही थी। उपभोक्ता कुलेंद्र अपने साथ हो रहे छल को समझ गया और स्वयं के व्यय पर तटस्थ सर्वे करवाया जिसमें वाहन में वास्तविक नुकसान 1 लाख 70 हजार 96 रुपए होना पाया गया। लेकिन, कंपनी यह राशि देने के लिए तैयार नहीं हुई। इस पर राठौर ने उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। फोरम ने आवेदक राठौर के पक्ष में फैंसला सुनाते हुए नुकसान की राशि 1 लाख 70 हजार 96 रुपए मय 7 फीसदी ब्याज के साथ देने का निर्णय पारित किया। यह राशि कंपनी को 2 माह की अवधि में भुगतान करने का आदेश उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष सुरेश कुमार चौबे, सदस्य श्रीमती सीमा सक्सेना, सुरेंद्र सक्सेना द्वारा सुनाया गया है।

# ‘हम तो अपनी गठरी लेकर अवध नगरिया जाएंगे’

## हिंदी जागृति मंच ने किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालापीपल

हिंदी जागृति मंच द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर काव्य गोष्ठी, व्याख्यान एवं विमर्श का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता शासकीय महाविद्यालय कालापीपल के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर वह दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में व्याख्यान के क्रम में डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से आह्वान किया कि आज के परिपेक्ष्य में हम सभी को स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। स्वामी विवेकानंद ने हर सत्य को जानने का प्रयास किया। गुरु के प्रति आस्था और विश्वास नहीं उन्हें नरेंद्र से स्वामी विवेकानंद बना दिया। काव्य गोष्ठी के क्रम में हिंदी जागृति मंच की सदस्य अंबिका गर्ग ने अपनी प्रस्तुति देते हुए ‘तेरा मासूम सा चेहरा है, उस पर पीर गहरी है। तुझे पढ़ने की चाहत में, नजर तुझ पर ही ठहरी है’ का काव्य पाठ किया। विनोद परमार ने ‘राम में बस गया, सारा भारत भी है। राम मानवता की परिभाषा भी है।’ का पाठ किया। राजेश मालवीय ने ‘तू पहचान खुद को और आजमा ले अपने आप को। तू ढाल बनाकर हार की और बना शमशेर हर श्राप को।’ का शानदार पाठ किया।




हरीश पाटीदार द्वारा ‘हिलियम हाइड्रोजन में जब घमासान होता है, तो संलयन से गुजरे वह देदीप्यमान होता है।’ कविता का शानदार पाठ किया। डॉ. हरीश पथिक ने ‘हम तो अपनी गठरी लेकर अवध नगरिया जाएंगे। रामलला के चरणों में हम पल-पल शीश झुकाएंगे।’ राम गीत गाकर राम भक्ति का संचार किया। भास्कर परमार ने ‘यह मंजर और भी अच्छा होता, सब बच्चों के कंधे पर जो बस्ता होता’ गजल सुनाकर जमकर तालियां बटोरी।

वहीं मंच के संरक्षक कैलाश नारायण परमार ने मालवी में मनक मनक खे चाय थो, पेलाँ भैया भोत। अब तो अपणा खास भी,भूले नाता गोत। जापानी हाइकु विद्या में- ‘जाड़े की ऋतु, बोलबाला शीत का, आहत धूप’ सुन कर तालियाँ बटोरी। वही मनीष गौतम द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। काव्य गोष्ठी का संचालन हिंदी जागृति मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह तोमर ने किया एवं आभार मंच के सचिव अनिल शर्मा ने माना। हिंदी जागृति बन चुके वरिष्ठ संरक्षक कैलाश नारायण परमार को सर्वसम्मति से हिंदी जागृति मंच का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया

# राष्ट्रीय युवा संकल्प दिवस के रूप में महादेव मित्र मंडल ने मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर की धार्मिक संस्था महादेव मित्र मंडल द्वारा स्थानीय मुखर्जी चौक प्रांगण पर भारतीय संस्कृति की विश्व में धर्मध्वजा फहराने वाले युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर के गौरव मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल, विशेष अतिथि केरूप में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ,जनपद पंचायत अध्यक्ष देवनारायण नागर, पूर्व विधायक कुंवरजी कोठार, प्राचार्य शिशु मंदिर जितेंद्र पाठक, सकल जैन समाज अध्यक्ष निर्मल जैन, ब्रह्म कुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी, जनशक्ति युवा मंच के संस्थापक अक्षय सक्सेना द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा




सरस्वती वंदना पश्चात स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष संजय विजयवर्गी एवं समस्त पदाधिकारीकरण द्वारा अतिथियों का मंगल तिलक एवं दुपट्टा पहन कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय विजय वर्गी द्वारा स्वागत भाषण देते हुए युवाओं को स्वामी के बताए सिद्धांतों का अनुसरण करते समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान करने बाबत संकल्पित क्या। इस अवसर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को मंडल द्वारा शाही पगड़ी अयोध्या के श्री राम मंदिर का चित्र के साथ तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर की समस्त सामाजिक एवं धार्मिक संस्था, पत्रकार साथी एवं नगर पालिका के पाषर्दगन तथा सभी उपस्थित गणमान्य तिथियां का मंडल सदस्यों द्वारा मंगल तिलक एवं दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया।

# विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तलेन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलेन में स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सामूहिक सूर्यनमस्कार का आयोजन किया गया। इस इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चंदर सिंह यादव के द्वारा अपने भाई अजब सिंह यादव की स्मृति में विद्यालय को प्रदान की गई स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का अनावरण क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा,नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श विनोद यादव,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चंदर सिंह यादव द्वारा किया गया। योग दिवस के कार्यकम



की अध्यक्षता रामप्रसाद लिम्बोदिया ने की तथा कार्यकम के मुख्य वक्ता की हरिसिंह केशवाल रहे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जगदीश लववंशी, पार्षदगण कैलाश यादव, महेश यादव, राधेश्याम यादव, नरेन्द्र यादव, अजब सिंह, गणमान्यजन, अभिभावकगण उपस्थित रहे। योग दिवस पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, 253 छात्र छात्राओं सहित सभी अतिथियों ने योग शिक्षक महेश पवांर के निर्देशन में सूर्य नमस्कार लगाए। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य अशोक कुमार पाटीदार ने किया। कार्यक्रम का संचलन अनिल यादव ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रकाश सोनी ने किया।

## समूचे जिले में युवा दिवस के रूप में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में हुआ जिला स्तरीय आयोजन



**राजगढ़।** जिले में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार का आयोजन ऑल इंडिया रेडियो के माध्यम से एक साथ एक संकेत पर प्रसारित किया गया। जिला मुख्यालय पर उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में सूर्य नमस्कार का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, कलेक्टर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर सहित विभिन्न योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित स्कूली छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। कार्यक्रम का शुभांरभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ किया गया। उसके पश्चात स्वामी विवेकानंद के विश्व प्रसिद्ध शिकागो उद्बोधन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया गया। तत्पश्चात सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कराया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया।

जिपं अध्यक्ष और विधायक के बीच तीखी बहसबाजी से शुरू हुई बैठक

# विधायक दांगी बोले-सभी वार्डों में बराबर क्यों नहीं बांटी गई 14 वित्त की राशि, जिपं अध्यक्ष ने कहा की तब आप विधायक नहीं थे, आपको नहीं पता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में खासी गहमागहमी और खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया के बीच तीखी बहस के बीच आरंभ हुई।

दरअसल, बैठक की शुरूआत में वर्ष अनुमोदित 14वें वित्त की राशि का मामला उठा। इस पर विधायक दांगी ने कहा कि यह राशि जिपं के सभी 18 वार्डों में बराबर-बराबर वितरित की जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अध्यक्ष को 60 लाख, उपाध्यक्ष को 30 लाख एवं सदस्यों को 15 लाख के कार्य करवाए जाने के लिए राशि दी गई। विधायक दांगी के ऐसा कहने पर जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने कहा कि वार्डों में राशि वितरण के समय सभी सदस्यों का अनुमोदन एवं सहमति ली गई थी। जब यह बैठक हुई थी तब आप विधायक नहीं थे। इसलिए आप मत बोलिए। वैसे भी यह राशि अभी तक नहीं आई है। जिपं अध्यक्ष सौंधिया और विधायक दांगी के बीच करीब 5 मिनट तक यह बहसबाजी चलती रही। इस बीच जिपं अध्यक्ष ने यह भी कह दिया कि विधानसभा चुनाव में मैने आपके क्षेत्र में विरोध में काम किया था इसलिए आप अनावष्यक बहसबाजी कर रहे हैं। बैठक में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, जिपं उपाध्यक्ष पर्वत यादव सहित जिला पंचायत के सभी सदस्य, जिपं सीईओ अक्षय तेम्रवाल सहित विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख मौजूद थे।



### पेटी पर चल रहे हैं जल निगम के अधिकतर कार्य

बैठक में जल निगम की जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव में पानी पहुंचाने के संबंध में चल रही योजना के बारे में जब चर्चा हुई तो अधिकतर काम पेटी ठेकेदारों से करवाए जाने का मसला उठा। विधायक दांगी ने विभाग के अधिकारी से कहा कि आप कागजी आंकड़ी बता रहे हैं जबकि कईं गांवों में पानी पहुंच ही नहीं पा रहा है। इसके जवाब में जल निगम के महाप्रबंधक जैन ने कहा कि अधिकांश गांवों में पानी समय पर पहुंचाया जा रहा है। कईं ग्राम पंचायतों ने पानी का उपयोग किया लेकिन 20 पंचायतों पर 26 लाख रुपए से अधिक की बिल राशि बकाया चल रही है। जैन ने सदन को आष्वस्त किया कि मार्च 2024 तक जिले की सभी विधानसभाओं, ब्लॉकों में प्रस्तावित सभी गांवों में पेयजल की निरंतर सप्लाई आरंभ हो जाएगी।

### मंत्री पंवार बोले क्या रेफर हो रही हैं प्रसूताएं

बैठक में जब स्वास्थ्य विभाग की बारी आई तब सीएमएचओ किरण वाडिवा ने जिले में स्वीकृत, रिक्त और भरे और पदों की जानकारी सदन को दी। इस दौरान मंत्री पंवार ने सीएमएचओ से कहा कि अक्सर हम सुन रहे हैं कि बगैर कारणों के जिला अस्पताल से रोजाना प्रसूताओं को बाहर के अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। बगैर किसी गंभीर कारण के प्रसूताओं को रेफर करने पर लगाम लगाइए।

### इन विभागों की योजनाओं पर भी हुई चर्चा

बैठक में उद्यानिकी, आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं पर भी चर्चा हुई। सदन एक स्वर में विभाग प्रमुखों से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आमजनों की शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए। शासन की राशि का सदुपयोग हो और अगर ऐसा नहीं होगा तो सभी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।